an>

Title: Need to strengthen the coastal security along the coastline of Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि गुजरात राज्य में पाकिस्तान से सटी लगभग 1600 किलोमीटर की समुद्री सीमा है, जो देश की सुरक्षा की नजर से बेहद संवेदनशील एवं कमजोर है। इस लंबी समुद्री सीमा पर बेहद महत्वपूर्ण अल्ट्रा पावर प्रोजेक्ट, प्रमुख पत्तन/पोर्ट, प्रमुख पेट्रोलियम रिफाइनरी इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण इफ्रास्ट्रक्चर गतिविधियां गुजरात के मुख्यतः कच्छ एवं जामनगर में चलती हैं, जिसकी सुरक्षा हेतु सरकार को प्राथमिकता प्रदान करते हुए यथासंभव गंभीर प्रयास करने होंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि गुजरात सरकार ने इस लंबी समुद्री सीमा की व्यापक सुरक्षा हेतु भारत सरकार को इन समुद्री तटों से सटे 11 जिलों में 51 समुद्री पुलिस स्टेशन खोलने का प्रस्ताव सन् 2005 में भेजा था, परन्तु भारत सरकार ने अभी तक दस वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त प्रस्ताव को पूर्ण रूप से कम्प्लीट नहीं किया। इसके अतिरिक्त गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ में मेदी के बीच का समुद्री तटीय इलाका पूरी तरह से पुलिस/बीएसएफ की समुद्री टुकड़ी की निगरानी से वंचित है, जो कि काफी चिंता का विषय है। ...(व्यवधान)